न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) एवं सक्षम प्राधिकारी (भूमि अवाप्ति) भीलवाड़ा

क्रमांकः भूमि अवाप्ति/प्रतिकर/प्र0सं0/120/2018 दिनांक मार्च, 2019
05-04-2019

उनवान

1.	परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भीलवाड़ा	बनाम	1.	कोमल इन्फ्रावेन्चर प्रा. लि. रजि. कार्यालय 30, एशिया हाऊस, 4 रास्ता के पास, नवरंगपुरा अहमदाबाद गुजरात जरिये कम्पनी पावर अटोर्नी होल्डर लोकेश सिंह पुत्र मदन सिंह चुण्ड़ावत
	---प्रार्थी			---विपक्षी

:: संशोधित अवार्ड़ आदेश ::

अवार्ड़ अन्तर्गत धारा 3 G एवं Section 24 of RFCTLARR Act, 2013 to Acquisition Under NH Act, 1956

राष्ट्रीय भूमि अवाप्ति अधिनियम, 1956 की धारा **3D** दिनांक **01/03/2018** से राजमार्ग संख्या 79 के छःलेन निर्माण/चौड़ाकरण हेतु राजस्व **ग्राम रूपाहेली** की **आराजी नं0 4067/1234** में से अवाप्ताधीन भूमि के संबंध में नवीन भूमि अर्जन पुनःर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत् प्रकरण में प्रतिकर निर्धारण किया जाकर निर्धारित राशि **19,55,573— रूपये** अवार्ड **दिनांक 24/07/2018** एवं संशोधित अवार्ड **दिनांक 07/09/2018 राशि 1,38,53,973— रूपये** का भुगतान हितबद्ध को किये जाने हेतु अवार्ड जारी किया गया था। अवार्ड की प्रति प्रार्थी परियोजना निदेशक को भेजकर निर्देश दिये गये थे कि निर्धारित प्रतिकर राशि का बज़ट न्यायालय के बैंक अकाउन्ट में शीघ्र जमा कराया जावें।

नवीन भूमि अधिनियम, 2013 में प्रतिकर निर्धारण हेतु ब्याज की गणना अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन अथवा स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन की दिनांक से की जानी है, के संबंध में स्थिति स्पष्ट कराने हेतु प्रार्थी परियोजना निदेशक को बैठक दिनांक 10/04/2018 दिनांक 31/05/2018 दिनांक 25/06/2018 में निरन्तर निर्देशित किया गया था तथा पत्रांक 94 दिनांक 16/04/2018, पत्रांक 135 दिनांक 01/06/2018, पत्रांक 152 दिनांक 28/06/2018 से लिखित में जानकारी भी चाही गई थी। प्रार्थी परियोजना निदेशक द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार भी प्रकार की जानकारी उपलब्ध नहीं कराये जाने, उनके प्रतिनिधि द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना दिनांक से ब्याज देय होना बताये जाने पर तद्नुसार अवाप्ताधीन भूमि की मूल कीमत राशि पर ब्याज की गणना की जाकर न्यायालय द्वारा अवाप्ति प्रकरण में प्रतिकर का निर्धारण किया गया था।

परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भीलवाड़ा ने प्रकरण में अवार्ड जारी होने के उपरान्त पत्रांकः 5192 दिनांक 16/01/2019 से अवगत कराया कि 12% ब्याज की गणना 3A अधिसूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की दिनांक से की जानी हैं। पत्रांकः 5229 दिनांक 22/01/2019 से प्रकरण में जारी अवार्ड के बजट राशि में ब्याज की गणना समाचार पत्र प्रकाशन दिनांक से संगणित की जाना अवगत कराया। पत्रांक 5252 दिनांक 24/01/2019 से प्राधिकरण मूख्यालय द्वारा जारी स्पष्टीकरण दिनांक 06/10/2015 की प्रति उपलब्ध करायी।

अति0 जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)
एवं सक्षम अधिकारी (भूमि अवाप्ति)
भीलवाड़ा

अतः प्रार्थी द्वारा किये गये अनुरोध एवं प्राधिकरण द्वारा जारी स्पष्टीकरण के क्रम में राजमार्ग संख्या 79 के छःलेन निर्माण/चौड़ाकरण हेतु राजस्व **ग्राम रूपाहेली तहसील हुरड़ा** की अवाप्ताधीन **आराजी नं0 4067/1234** में से **0.0567 हैक्टयर** भूमि के निर्धारित किये गये प्रतिकर आदेश/अवार्ड दिनांक **07/09/2018** में भूमि कीमत के देय ब्याज में तद्नुसार संशोधन किया जाता हैं। संशोधित अवार्ड में अंकित प्रपत्र के कॉलम सं0 12 में दिनांक 21/8/2017 से 24/07/2018 तक कुल 337 दिवस की ब्याज राशि 5,61,037– रूपये के बजाय दिनांक 02/09/2017 से दिनांक 24/07/2018 तक कुल 325 दिवस का ब्याज राशि 5,41,059– रूपये पढ़ी जावे। कॉलम सं0 13 में कुल मुआवजा राशि 1,38,53,973– रूपये के बजाय 1,38,33,995– रूपये पढ़ी जावे। नीचे दिये गये विवरण में के क्र0 सं0 1 में कुल प्रतिकर राशि 1,38,53,973– के बजाय 1,38,33,995– रूपये तथा क्र0 सं0 2 में आयकर कटौती राशि 13,85,397– के बजाय 13,83,400– रूपये तथा क्र0 सं0 3 में शुद्ध भुगतान योग्य राशि 1,24,68,576– के बजाय 1,24,50,595– रूपये अक्षरे एक करोड़ चोबीस लाख पच्चास हजार पांच सौ पिचानवें रूपये पढ़ी जावें।

(राकेश कुमार)
अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन)
एवं सक्षम अधिकारी (भूमि अवाप्ति),
भीलवाड़ा

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं –

1. **परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भीलवाड़ा**
2. **तहसीलदार, हुरड़ा**
3. **हितबद्ध व्यक्ति/खातेदार कोमल इन्फ्रावेन्चर प्रा. लि. रजि. कार्यालय 30, एशिया हाऊस, 4 रास्ता के पास, नवरंगपुरा अहमदाबाद गुजरात जरिये कम्पनी पावर अटोर्नी होल्डर लोकेश सिंह पुत्र मदन सिंह चुण्डावत**

अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन)
एवं सक्षम अधिकारी (भूमि अवाप्ति),
भीलवाड़ा